चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21.5.26 | 7 | 6-8 |

# हकृवि माउंटेनियरिंग क्लब की टीम माउंट फ्रेंडशिप अभियान के लिए रवाना



*कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज झंडी दिखाकर टीम को रवाना करते हुए।*

हिसार, 20 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब की पर्वतारोहण अभियान टीम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल 20 मई से 27 मई 2026 तक माउंट फ्रेंडशिप (5289 मीटर) पर पर्वतारोहण करेगा।

अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 25 छात्र सदस्य भाग ले रहे हैं। टीम का नेतृत्व माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी करेंगे, जबकि सलाहकार के तौर पर डॉ. विक्रम भी दल के साथ रहेंगे।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियां विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने अभियान दल को सुरक्षित एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने भी टीम की तैयारियों और उत्साह की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. पी. के. चहल, डॉ. सी. एस. डागर तथा एस.वी.सी. कपिल अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21.5.26 | 5 | 5-6 |

# एचएयू की टीम माउंट फ्रेंडशिप अभियान के लिए हुई रवाना

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (सीसीएस एचएयू) के माउंटेनियरिंग क्लब की टीम बुधवार को माउंट फ्रेंडशिप पर्वतारोहण अभियान के लिए रवाना हुई। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने दल को हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाएं दीं।

यह अभियान 20 से 27 मई तक हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में समुद्र तल से 5,289 मीटर ऊंचाई पर स्थित माउंट फ्रेंडशिप पर आयोजित होगा। अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 25 छात्र सदस्य भाग ले रहे हैं। टीम का नेतृत्व माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी करेंगे, जबकि डॉ. विक्रम सलाहकार के रूप में दल के साथ रहेंगे।

**5,289 मीटर ऊंची चोटी पर करेंगे आरोहण**

कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज ने कहा कि पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियां विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, शारीरिक दक्षता और टीम भावना विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्वतीय क्षेत्रों की संस्कृति, जीवनशैली और कृषि पद्धतियों को समझने के लिए भी प्रेरित किया।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने भी टीम की तैयारियों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. पीके चहल, डॉ. सीएस डागर और एसवीसी कपिल अरोड़ा भी मौजूद रहे। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 21.5.26 | 11 | 7-8 |



## एचएयू माउंटेनियरिंग क्लब की टीम माउंट फ्रेंडशिप अभियान के लिए रवाना

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब की पर्वतारोहण अभियान टीम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल 20 से 27 मई तक माउंट फ्रेंडशिप (5289 मीटर) पर पर्वतारोहण करेगा। अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 25 छात्र सदस्य भाग ले रहे हैं। टीम का नेतृत्व माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी करेंगे, जबकि सलाहकार के तौर पर डॉ. विक्रम भी दल के साथ रहेंगे। कुलपति प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियां विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने अभियान दल को सुरक्षित एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय लोगों की संस्कृति, जीवनशैली और कृषि पद्धतियों को समझने के लिए भी प्रेरित किया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने भी टीम की तैयारियों और उत्साह की सराहना की। प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए समुचित प्रबंध के प्रति आभार व्यक्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 21.5.26 | 4 | 6-8 |

# एचएयू की टीम 5 हजार 289 मीटर ऊंचे माउंट फ्रेंडशिप पर चढ़ाई करेगी

## टीम को कुलपति प्रो. काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की माउंटेनियरिंग टीम को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्रो. बीआर काम्बोज।

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब की टीम को कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने झंडी दिखाकर माउंट फ्रेंडशिप अभियान के लिए रवाना किया।

दल 20 मई से 27 मई 2026 तक 5289 मीटर ऊंचे माउंट फ्रेंडशिप पर पर्वतारोहण करेगा। इस अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 25 छात्र शामिल हैं। टीम का नेतृत्व क्लब अध्यक्ष मुकेश सैनी करेंगे और सलाहकार विक्रम भी साथ रहेंगे।

कुलपति बलदेव राज काम्बोज ने कहा कि पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियां छात्रों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने सुरक्षित और सफल अभियान की कामना की तथा पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय लोगों की संस्कृति, जीवनशैली और कृषि पद्धतियों को समझने का आग्रह किया।

छात्र कल्याण निदेशक मदन खीचड़ ने तैयारियों की सराहना की। इस अवसर पर डॉ. पी. के. चहल, डॉ. सी. एस. डागर तथा एसवीसी कपिल अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण | 20.05.2026 | -- | -- |


# एचएयू माउंटेनियरिंग क्लब की टीम माउंट फ्रेंडशिप अभियान के लिए रवाना

» कुलपति ने पर्वतारोहण दल के सदस्यों को दी शुभकामनाएं

दक्ष दर्पण



**हिसार:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब की पर्वतारोहण अभियान टीम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल 20 मई से 27 मई 2026 तक माउंट फ्रेंडशिप (5289 मीटर) पर पर्वतारोहण करेगा। अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 25 छात्र सदस्य भाग ले रहे हैं। टीम का नेतृत्व माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी करेंगे, जबकि सलाहकार के तौर पर डॉ. विक्रम भी दल के साथ रहेंगे। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियां विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने अभियान दल को सुरक्षित एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय लोगों की संस्कृति, जीवनशैली और कृषि पद्धतियों को समझने के लिए भी प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि ऐसे अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने भी टीम की तैयारियों और उत्साह की सराहना की। प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए समुचित प्रबंध के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. पी. के. चहल, डॉ. सी. एस. डागर तथा एसबीसी कपिल अरोड़ा भी उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 20.05.2026 | -- | -- |

# एचएयू माउंटेनियरिंग क्लब की टीम माउंट फ्रेंडशिप अभियान के लिए रवाना, कुलपति ने दिखाई झंडी



सिटी पल्स न्यूज, हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के माउंटेनियरिंग क्लब की पर्वतारोहण अभियान टीम को कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल 20 मई से 27 मई 2026 तक माउंट फ्रेंडशिप (5289 मीटर) पर पर्वतारोहण करेगा। अभियान में विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के 25 छात्र सदस्य भाग ले रहे हैं। टीम का नेतृत्व माउंटेनियरिंग क्लब के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सैनी करेंगे, जबकि सलाहकार के तौर पर डॉ. विक्रम भी दल के साथ रहेंगे।

प्रो. काम्बोज ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पर्वतारोहण जैसी साहसिक गतिविधियां विद्यार्थियों में शारीरिक क्षमता, अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने अभियान दल को सुरक्षित एवं सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्वतीय क्षेत्रों के स्थानीय लोगों की संस्कृति, जीवनशैली और कृषि पद्धतियों को समझने के लिए भी प्रेरित किया। कुलपति ने कहा कि ऐसे अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने भी टीम की तैयारियों और उत्साह की सराहना की। प्रतिभागियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किए गए समुचित प्रबंध के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. पी. के. चहल, डॉ. सी. एस. डागर तथा एसवीसी कपिल अरोड़ा भी उपस्थित रहे।